प्रदेश में 'चिरायु हरियाणा' योजना का शुभारंभ

चर्चा में क्यों?

21 नवंबर, 2022 को हरियाणा के विकास एवं पंचायत तथा पुरातत्त्व मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने राज्य के गोहाना तहसील के सेक्टर-7 स्थित सामुदायिक केंद्र में आयोजित आयुष्मान भारत योजना के अंत्योदय परिवारों के विस्तार कार्यक्रम में बताया कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में राज्य में चिरायु हरियाणा योजना की शुरुआत हुई है, जिसके तहत ज़रूरतमंदों व वंचितों को निःशुल्क बेहतरीन उपचार सुविधा मिल सकेगी।

प्रमुख बिंदु

- देवेंद्र सिंह बबली ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ज़रूरतमंदों को निःशुल्क उपचार सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से आयुष्मान भारत योजना की शुरुआत की, जिसे मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने विस्तार देते हुए राज्य के ज़रूरतमंदों को लाभ देने की दिशा में अनुकरणीय कदम बढ़ाए हैं तथा इस योजना को अब 'चिरायु हरियाणा'नाम दिया है।
- इस योजना में शामिल किये जाने वाले इन परिवारों का 5 लाख रुपए तक का खर्च राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाएगा।
- उन्होंने बताया कि राज्य में अब 28 लाख से अधिक परिवारों को इस योजना का लाभ मिलेगा। योजना के विस्तारीकरण से 12 लाख से अधिक नए बीपीएल परिवारों को इसमें जोड़ा गया है।
- विदित है कि राज्य के सोनीपत ज़िले में पहले 3 लाख 84 हज़ार पात्र परिवार थे और अब पात्र परिवारों की संख्या बढ़कर 5 लाख 48 हज़ार 01 हो गई है। यह कुल जनसंख्या का 40 प्रतिशत है।
- उन्होंने बताया कि शुरुआती तौर पर कुछ चिह्नित परिवारों को इस योजना के गोल्डन कार्ड वितरित किये गए हैं। शेष पात्र परिवारों को ज़िला व खंड स्तर पर कैंप लगाकर और घर-घर जाकर कार्ड वितरित किये जाएंगे।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/chirayu-haryana-scheme